सिटमैक्स-2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/sitmex-2021

हाल ही में **त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास सिंगापुर-भारत-थाईलैंड समुद्री अभ्यास (SITMEX)** का तीसरा संस्करण हिंद महासागर के अंडमान सागर में आयोजित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह अभ्यास भारत की **सागर (SAGAR-हिंदमहासागरीय क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा एवं संवृद्धि)** नीति के उद्देश्यों के अनुरूप हैं।
    - **इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज़ (IISS)** शांगरी-ला संवाद एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है। इसे वर्ष 2002 में लॉन्च किया गया था।
  - **भारतीय नौसेना द्वारा SITMEX का पहला संस्करण** सितंबर 2019 में पोर्ट ब्लेयर में आयोजित किया गया था।
  - **सिंगापुर द्वारा नवंबर 2020** में अभ्यास के दूसरे संस्करण की मेज़बानी की गई। इस **अभ्यास के वर्ष 2021 संस्करण की मेजबानी थाईलैंड** द्वारा की जा रही है।
  - इसमें कई **सामरिक प्रशिक्षण अभ्यास** शामिल हैं, जैसे- नौसेना युद्धाभ्यास और सतह युद्ध अभ्यास।
  - इसका **उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र** में व्यापक समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में आपसी संबंधों को मज़बूत करना और सामान्य समझ और प्रक्रियाओं को विकसित करना है।
    - यह **अभ्यास वार्षिक** तौर पर आयोजित किया जाता है और जून 2018 में **शांगरी-ला (Shangri-La) संवाद** में भारत द्वारा इसकी घोषणा की गई थी।
- **भारत और थाईलैंड के बीच अन्य सैन्य अभ्यास:**
  - **मैत्री (सेना)**
  - सियाम-भारत (वायु सेना)
  - **इंडो-थाई कॉर्पेट (नौसेना), जो हाल ही में आयोजित किया गया था।**
- **भारत और सिंगापुर के बीच अन्य सैन्य अभ्यास:**
  - बोल्ड कुरुक्षेत्र (सेना)
  - संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण (वायु सेना)
  - **सिंबेक्स (नौसेना)**